 Roll No. ....

BAHL-101

गद्य साहित्य-I

Bachelor of Arts (B.A.-12/16/17)

First Year, Examination 2019

Time : 3 Hours] **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्नपत्र अस्सी (80) अंकों का है जो दो (02) खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में दीर्घ उत्तरों वाले पाँच (05) प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल तीन (03) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (3×15=45)

1. हिन्दी गद्य–साहित्य के उद्‌भव और विकास का विस्तृत परिचय देते हुए आधुनिकता और राष्ट्रीयता की चेतना के विकास में गद्य–साहित्य की भूमिका को स्पष्ट करें। 15

2. उपन्यास के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए यह बताएँ कि उपन्यास को महाकाव्य का आधुनिक स्थानापन्न मानना कहाँ तक तर्कसम्मत है? 15

3. 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी की विशेषताओं का विस्तृत परिचय देते हुए चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का कहानी-कला पर प्रकाश डालें। 15

4. 'सुहागिनी' शीर्षक कहानी की विशेषताओं के आलोक में शैलेश मटियानी की कहानी-कला पर प्रकाश डालें। 15

5. उपन्यासकार जैनेन्द्र कुमार का परिचय देते हुए उनके द्वारा रचित उपन्यास-साहित्य में 'त्यागपत्र' शीर्षक उपन्यास की विशिष्टता को स्पष्ट करें। 15

खण्ड-ख

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में लघु उत्तरों वाले आठ (08) प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए सात (07) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल पाँच (05) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (5×7=35)

1. हिन्दी-उपन्यास के उद्भव और विकास का संक्षिप्त परिचय दें। 7

2. उपन्यास और कहानी में अन्तर को स्पष्ट करें। 7

3. ‘बड़े भाई साहब’ शीर्षक कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट करें। 7

4. प्रेमचन्द की कथा-भाषा की विशेषताओं पर एक संक्षिप्त टिप्पणी प्रस्तुत करें। 7

5. ‘स्त्री-सुबोधिनी’ शीर्षक कहानी के आधार पर मन्नू-भंडारी की कहानी-कला पर प्रकाश डालें। 7

6. ‘मलबे का मालिक’ शीर्षक कहानी के आधार पर मोहन की कहानी-कला पर प्रकाश डालें। 7

7. ‘सुहागिनी’ शीर्षक की संरचना में लोक-तत्त्व की भूमिका को स्पष्ट करें। 7

8. ‘त्याग-पत्र’ शीर्षक उपन्यास में वर्णित प्रमोद के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालें। 7